दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-252
मुरादाबाद
01 January 2024
(Monday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

**प्रिय सुधि पाठको और देशवासियों को नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं -प्रधान संपादक**

## संक्षिप्त समाचार



### रक्षामंत्री ने 131 शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित, बोले- उनकी वजह से दुनिया में चमक रहा भारत

रक्षामंत्री ने कहा कि एक सैनिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी अद्वितीय होती है क्योंकि वह हर दिन मौत का सामना करता है और जानता है कि दुश्मन की गोली कभी भी, कहीं से भी आ सकती है। यह जानते हुए भी वे पूरे दिल और आत्मा से सीमाओं की रक्षा करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि देश की जनता सामूहिक रूप से भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञ है। भारत अपने बलिदानी सैनिकों की वजह से ही विश्व स्तर पर चमक रहा है। उन्होंने कहा, इन बलिदानियों ने अपनी मातृभूमि की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा में खुद को बलिदान कर दिया। मैं सभी बलिदानियों के माता-पिता और उनके परिवार को नमन करता हूं। राजनाथ ने शनिवार को मारुति वीर जवान ट्रस्ट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में 131 बलिदानी सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की।उन्होंने कहा कि सुरक्षा पहले का सिद्धांत भारत पहले से आता है। इस देश की सीमाओं के अंदर काम करने वाले सभी लोग चाहे वे वैज्ञानिक हों, व्यवसायी हों, किसी पेशे से जुड़े व्यक्ति हों या सरकार चलाने वाले हों, ऐसा करने में सक्षम हैं क्योंकि हमारे बहादुर सैनिक राष्ट्रीय गौरव की मजबूत भावना के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप और मैं 'भारत पहले' के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति हैं। यदि 'भारत पहले' का मार्ग अपनाया जाए तो सुरक्षा भी पहले आती है। इसलिए, 'सुरक्षा पहले' की अवधारणा भारत पहले की अवधारणा के साथ आती है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी अद्वितीय होती है क्योंकि वह हर दिन मौत का सामना करता है और जानता है कि दुश्मन की गोली कभी भी, कहीं से भी आ सकती है। उनके भीतर भी राष्ट्रीय स्वाभिमान की प्रबल भावना है। समाज के रूप में हम सामूहिक रूप से अपने सैनिकों के ऋणी हैं।

# आज भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा है, मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का आज 108वां एपिसोड प्रसारित हुआ। जिसका प्रसारण आकाशवाणी सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर हुआ। गुजरात में डायरा की परंपरा है। रात भर हजारों लोग डायरा में शामिल होकरके मनोरंजन के साथ ज्ञान को अर्जित करते हैं। इस डायरा में लोक संगीत, लोक साहित्य और हास्य की त्रिवेणी, हर किसी के मन को आनंद से भर देती है। इस डायरा के एक प्रसिद्ध कलाकार हैं भाई जगदीश त्रिवेदी जी। हास्य कलाकार के रूप में भाई जगदीश त्रिवेदी जी ने 30 साल से भी ज्यादा समय से अपना प्रभाव जमा रखा है। जगदीश साल 2017 से करीब पौने नौ करोड़ रुपये अलग-अलग सामाजिक कार्यों पर खर्च कर चुके हैं। एक हास्य कलाकार अपनी बातों से हर किसी को हंसने पर मजबूर कर देता है लेकिन वो भीतर से कितना संवेदनशील होता है, यह जदगीश त्रिवेदी के जीवन से पता चलता है। पीएम मोदी ने बताया हमारे देश में हर कालखंड को हमारी विलक्षण बेटियों ने गौरव से भर दिया है। सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार जी ऐसी ही विभूतियां हैं। सावित्रीबाई फुले ने बेटियों के लिए कई स्कूल शुरू किए और समाज सुधार में योगदान दिया। उन्होंने महिलाओं और वंचितों के लिए आवाज उठाई। जब महाराष्ट्र में अकाल पड़ा तो उन्होंने लोगों की मदद के लिए अपने घर के दरवाजे भी खोल दिए। सामाजिक न्याय का ऐसा उदाहरण विरले ही देखने को मिलता है। विदेशी शासन के खिलाफ़ संघर्ष करने वाली देश की कई महान विभूतियों में से एक नाम रानी वेलु नाचियार का भी है। तमिलनाडु के मेरे भाई-बहन आज भी उन्हें वीरा मंगई यानी वीर नारी के नाम से याद करते हैं। अंग्रेजों के खिलाफ़ रानी वेलु नाचियार जिस बहादुरी से लड़ीं और जो पराक्रम दिखाया, वो बहुत ही प्रेरित करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं आपको झारखंड के एक आदिवासी गांव के बारे में बताना चाहता हूं। इस गांव में बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए अनूठी पहल की गई है और बच्चों को कुडुख भाषा में शिक्षा दी जा रही है। कुडुख भाषा उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है और इसकी अपनी लिपि भी है। यह भाषा धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। स्कूल को शुरू करने वाले अरविंद उरांव ने बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने के लिए यह स्कूल शुरू किया। मातृभाषा में सीखने की वजह से बच्चों के सीखने की गति भी तेज हो गई है। मन की बात कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा मैं फिटनेस के लिए जितना जुनूनी हूं, उससे ज्यादा जुनूनी प्राकृतिक तरीके से फिट रहने के लिए हूं। मुझे ये फैंसी जिम से ज्यादा बाहर स्वीमिंग करना, बैडमिंटन खेलना, सीढ़ियां चढ़ना, मुग्दर से कसरत करना और अच्छा हेल्दी खाना पसंद है। मेरा ये मानना है कि शुद्ध घी अगर सही मात्रा में खाया जाए तो यह हमें फायदा करता है, लेकिन आजकल बहुत से युवा मोटे होने के डर से घी नहीं खाते। बहुत जरूरी है कि वह यह समझें कि क्या हमारी फिटनेस के लिए बुरा है और क्या अच्छा। डॉक्टर की सलाह से अपना लाइफस्टाइल बदलो ना कि किसी फिल्म स्टार की बॉडी देखकर। जैसे आप दिखते हो ना, उसे खुशी से स्वीकार करो। आज के बाद **filter** वाली **life** नहीं, **fitter** वाली **life** जियो। अक्षय कुमार ने बताया कि आजकल इतने सारे लोग स्टेरॉयड लेकर बॉडी बनाते हैं। ऐसे शॉर्टकट से बॉडी ऊपर से फूल जाती है लेकिन अंदर से खोखली रहती है। याद रखिए आपको शॉर्ट कट नहीं बल्कि लंबा चलने वाली फिटनेस चाहिए। मन की बात कार्यक्रम में महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर भी जुड़ी और उन्होंने पीएम मोदी से बातचीत में बताया कि लगातार व्यायाम और 7 घंटे की पूरी नींद शरीर के लिए बहुत जरूरी है और फिट रहने के लिए मदद करती है। इसके लिए बहुत अनुशासन और निरंतरता की जरुरत होगी। जब आपको इसका नतीजा मिलने लग जाएगा तो आप रोजाना खुद ही एक्सरसाइज करना शुरू कर दोगे। काशी-तमिल संगमम में हिस्सा लेने के लिए हजारों लोग तमिलनाडु से काशी पहुंचे थे। वहां मैंने उन लोगों से संवाद के लिए **Artificial Intelligence Al Tool** 'भाषिणी का सार्वजनिक रूप से पहली बार उपयोग किया। मैं मंच से हिंदी में संबोधन कर रहा था लेकिन्द्य झ्रश्शद्य भाषिणी की वजह से वहां मौजूद तमिलनाडु के लोगों को मेरा वही संबोधन उसी समय तमिल भाषा में सुनाई दे रहा था। भारत के प्रयास से साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया। इससे इस क्षेत्र में काम करने स्टार्टअप्स को बहुत सारे अवसर मिले हैं। लखनऊ से शुरू हुए कीरोज फूड्स, प्रयागराज के ग्रांड मां मिलेट्स और ऑर्गेनिक इंडिया जैसे स्टार्टअप शामिल हैं। ये स्टार्टअप हेल्दी फूड को लेकर नए-नए इनोवेशन कर रहे हैं। बंगलूरू के अनबॉक्स हेल्थ से जुड़े युवा तो लोगों को उनकी पसंदीदा डाइट चुनने में भी मदद कर रहे हैं। फिजिकल हेल्थ को लेकर जिस तरह से दिलचस्पी बढ़ रही है, उससे इस क्षेत्र में कोच, ट्रेनर्स की डिमांग बढ़ती जा रही है। इससे जुड़ा एक बड़ा पहलू मेंटल हेल्थ है और मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि मुंबई के इन्फी हील और **yourDost** जैसे स्टार्टअप मेंटल हेल्थ को बेहतर करने के लिए काम कर रहे हैं। साथियों, जब भी हमने मिलकर प्रयास किया है, देश को बड़ा लाभ हुआ है। देश में 70 हजार अमृत सरोवरों का निर्माण भी हमारी सामूहिक उपलब्धि है। मेरा मानना है कि जो देश इनोवेशन को महत्व नहीं देता उसका विकास रुक जाता है। भारत का इनोवेशन हब बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्श में हम 81वें रैंक पर थे, आज हमारी रैंक 40 है। इस साल भारत से फाइल होने वाले पेटेंट की संख्या ज्यादा रही, जिनमें 60 फीसदी घरेलू फंड्स के थे। क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भी सबसे ज्यादा भारतीय यूनिवर्सिटी शामिल हुईं। भारत का सामर्थ्य बहुत प्रभावी है और हमें इनसे संकल्प लेने हैं और प्रेरणा लेनी है। इस साल हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। देश पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। जी20 का सफल आयोजन हुआ। आज देश का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है। अगले साल भी हमें इस भावना को बनाए रखना है। आज भी कई लोग मुझे चंद्रयान-3 की सफलता के लिए संदेश भेजते रहे हैं। विशेषकर महिला वैज्ञानिकों की खूब तारीफ करते हैं। नाटू-नाटू ने ऑस्कर जीता को पूरा देश खुश हुआ। इस साल खेलों में भी हमारे एथलीटों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। क्रिकेट वर्ल्ड कप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने देश का मान बढ़ाया है। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि 108 अंक का बड़ा महत्व है। इसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, यह अंक असीम आस्था से जुड़ा है। इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। बीते एपिसोड में हमने जनभागीदारी के कई पड़ाव पार किए हैं। हमें अब नई तेजी से नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है।% पीएम मोदी ने देशवासियों को नए साल 2024 की शुभकामनाएं दी।



# विनेश फोगाट के अवॉर्ड वापसी पर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को घेरा, कहा- इतनी क्रूरता क्यों?



पहलवान विनेश फोगाट द्वारा खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटाए जाने पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश के संरक्षक होते हैं, लेकिन उनकी तरफ से पहलवानों पर क्रूरता की गई हैं।

दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार वापस कर दिया हैं। उन्होंने 20 नवंबर को पुरस्कारों को लौटाने का एलान किया था। शनिवार को विनेश ने प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर कर्तव्य पथ पर खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार को रख दिया था। जिसके बाद से ही इस मुद्दे पर राजनीति तेज हो गई हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अवॉर्ड वापसी के मुद्दे पर पीएम मोदी को जमकर घेरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के संरक्षक हैं और यह देखकर मुझे दुख होता है कि उनकी तरफ से इतनी क्रूरता की गई हैं।सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि देश की हर बेटी के लिए आत्म-सम्मान पहले आता है और कोई भी अन्य पदक या सम्मान उसके बाद आता है। फ़क्या %घोषित बाहुबली% से मिलने वाले राजनीतिक लाभ की कीमत इन बहादुर बेटियों के आंसुओं से अधिक हो गई हैं। गौरतलब हैं कि विनेश फोगाट ने ओलंपिक पद विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी सहयोगी संजय सिंह के चुनाव का विरोध किया था, जिन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। देश की हर बेटी के लिये आत्मसम्मान पहले है, अन्य कोई भी पदक या सम्मान उसके बाद। आज क्या एक 'घोषित बाहुबली' से मिलने वाले 'राजनीतिक फायदे' की कीमत इन बहादुर बेटियों के आंसुओं से अधिक हो गई? प्रधानमंत्री राष्ट्र का अभिभावक होता है, उसकी ऐसी निष्ठुरता देख पीड़ा होती है।बजरंग पूनिया भी लौटा चुके हैं पुरस्कार- भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे। इसमें संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया था। इसके बाद साक्षी मलिक ने यह कहते हुए कुश्ती से संन्यास ले लिया कि फिर से बृजभूषण जैसा ही चुना गया है तो क्या करें? इसके बाद बजरंग ने पद्म श्री लौटाया और अब विनेश ने अपना खेल रत्न लौटा दिया है। पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह भी अपना पद्म श्री लौटाने की बात कह चुके हैं। विनेश की उपलब्धियां- वर्ष 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। वर्ष 2019 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीता। वर्ष 2018 में एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2014, 2018 व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक प्रतिष्ठित लॉरियस अवार्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी। चार वर्ष के अंतराल में मिले थे दोनों अवॉर्ड विनेश फोगाट को वर्ष 2016 में अर्जुन अवॉर्ड व वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड मिला था।

# जेपी नड्डा के साथ योगी ने सुनी मोदी के मन की बात : लखनऊ, प्रयागराज के मिलेट्स व काशी तमिल संगमम की विशेष चर्चा

पीएम मोदी ने 22 जनवरी 2024 को होने जा रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले युवाओं से अपील की कि सोशल मीडिया को राममय किया जाना चाहिए। पीएम ने भगवान राम को समर्पित गीतों को इसका एक बेहतरीन जरिया बताते हुए अपील की कि **#ShriRamBhajan** टैग के जरिए प्रभु श्रीराम के भजनों को सोशल मीडिया पर शेयर किया जाए। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 108वें संस्करण को सुना। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में मन की बात का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में 2023 की उपलब्धियों की चर्चा की। वहीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप्स की चर्चा करते हुए इसे लाइफस्टाइल हेल्थ इनोवेशन की दिशा में बड़ा कदम बताया। लाइफस्टाइल डिसीज पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए पीएम ने फिट इंडिया मूवमेंट की भी चर्चा की। वहीं



इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स में लखनऊ के किरोज फूड्स, प्रयागराज के ग्रैंड माम्लेट्स और न्यूट्रास्युटिकल्स जैसे कई स्टार्टप्स की तारीफ भी की। प्रधानमंत्री ने हाल ही में काशी तमिल संगमम के दौरान एआई तकनीक की मदद से हुए उनके रियल टाइम हिन्दी और तमिल संबोधन को भी क्रांतिकारी बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि काशी तमिल संगमम में हुए इस इनोवेशन से आने वाले समय में स्कूलों, अस्पतालों और न्यायालयों में बहुभाषीय संवाद कायम करने में बहुत मदद मिलेगी। पीएम ने की 2023 की बड़ी उपलब्धियों की चर्चा - प्रधानमंत्री ने इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारत का विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, जी-20 की सफलता, दीपावली पर रिकॉर्ड कारोबार, वोकल फॉर लोकल, चंद्रयान-3 की सफलता। ऑस्कर में नाटू नाटू और एलिफेंट व्हिस्पर्स को मिले पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत के शानदार प्रदर्शन की भी चर्चा की। पीएम ने आजादी का अमृत महोत्सव, मेरी माटी मेरा देश, 70 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण को सामूहिक उपलब्धि बताया। पीएम ने कहा कि हमें 2023 की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर नये संकल्पों को लेना होगा। प्रधानमंत्री ने मेंटल हेल्थ को लेकर भी मन की बात में विशेष चर्चा की और आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए इसमें बड़े बदलावों की उम्मीद जताई। लखनऊ के प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व डिप्टी सीएम एवं राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, विधानपरिषद सदस्य मोहसिन रजा सहित तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

## संपादकीय Editorial

# Imprisonment instead of death

The death sentence of 8 former Indian sailors in Qatar has been cancelled. He has now been sentenced to imprisonment. How long that punishment will be will be clear only from the detailed decision of the court. This court decision is a pleasant and relief for India and its former marines, because Indians have been facing jail sentences abroad on unconfirmed charges of espionage.

The death penalty in Qatar had left India surprised as well as shocked. Qatari government officials were not disclosing the crime nor making the allegations public. The allegation definitely came to light that former marines had given sensitive information about an important submarine project of Qatar to Israel. In the current context, India is a friendly country of Israel, while Qatar has been financially supporting the political leadership of Hamas and has also been giving them shelter, but the basis of Qatar's allegations regarding the submarine information was not solid and there was no evidence. .

However, India's diplomatic and legal fight bore fruit and 8 Indians were saved from the death penalty. There is a 2015 agreement between India and Qatar, under which there is a provision for transfer of convicted people to their home country. They can serve the remaining sentence in their own country. What happens in the current case will be revealed only in the coming days. It is also noteworthy that Indian Prime Minister Modi and Qatar's Emir Sheikh Tamim bin Hamad Al Thani met in Dubai during the COP-28 environment summit. Whether the Prime Minister had mentioned the arrest and death sentence of former marines or not, the government is completely silent about it.

After the arrest of the former Indian marines in August 2022, they were kept in solitary confinement and the case was made completely 'confidential'. Both governments hesitated to publicly discuss the allegations. However, India's consul and legal team in Qatar were allowed to meet the former marines. More than 8 lakh Indians live and work in Qatar. Indians have the largest working population in all of West Asia, so allegations of espionage are both natural and challenging. There are also Captain level officers among the former marines, who were working for Oman's 'Al Dahra Global Technologies and Consulting Services Company'. The company was providing various types of training to the Qatar Navy. We cannot make any claims that this defense company has been involved in suspicious activities or should be 'blacklisted' or that Indians are still working in this company or have left the company, but are involved in foreign companies. Before doing so, Indians should get detailed information about the background of those companies. One should not work in countries whose judicial system is like a 'black box'. After all, judicial justice is mandatory. More or less, this matter can teach many big lessons to Indians. Today's young generation may want to take those lessons or indulge in the blind race to go abroad. Nevertheless, we should increase our activism and coordination and contacts in West Asia, because today the world is like one family.

# Year after year: Seasonal traders will keep coming, it is difficult to avoid 'that' state of Samadhi

It is one thing to fall in love with butterflies and run after them, but it is another to kill them and keep them in the pages of your book. Dead butterflies never play with their colors, their particles definitely remain stuck on the pages of life. These?particles are now shining brightly. Making simple things complicated is a common thing, making the complicated simple is an art. As Wilde himself said, all our modern calendars destroy the beautiful simplicity of our lives - by reminding us that each day that passes is the 'anniversary' of some very unsavory event. When the year starts going by, you suddenly become either emotional or worried. However, there is a trend among people to say that whatever did not happen this year is sure to happen in the coming year. Some people prepare menus of fear and apprehension, as if this is what will be found in the restaurants of the future. Many even choose which dish, which is less troublesome and would be more suitable. The fun is that the restaurant is theirs, the chef is the same and the customers are also the same. It is a big problem in itself that you reach this state of samadhi - where only you cook, only you eat, only you pay the bills and you only give knowledge to the economists on the budget deficit. But there are people who fall in love with this problem every time. 'Season traders' take advantage of this. This year was the year of silver for such traders. You know - there is no one business for a season trader. In whatever season there is demand, only that thing is erected. In the days of Kansa, it was Kansa, in the days of Krishna, it was Krishna. They even run the business of renting fancy dresses during school annual festivals. If murders start happening then they start selling knives; in times of peace if profits are high then they put up boards for selling pigeons. By the end of last year, we had talked about two words which became the most symbolic words of that year – gas lighting and moonlighting. The meaning of the first was the cunningness of making someone feel that he was wrong even when he was not, and the meaning of the second was - taking the entire salary from one place and secretly earning from another place also. In both, considerable paper was drawn on the inherent moral necessity of dishonesty and dishonesty. Now the matter has gone a little further. This year Oxford Dictionaries has declared the word of the year – RIZZ. This is the short form of Charisma or charisma. Coming second in the list is Prompt. It means instructions from AI aka Artificial Intelligence program. The third one equalizes all these – Situationship. It is a combination of Situation and Relationship. Aha! Season traders are very happy. This is a time without commitment to build relationships according to the situation, when you use your 'Riz' for a robbery and prompt the 'AI' that now let's create a new miraculous deception. That is why two other words 'authentic' and 'deep fake' are at the top in Webster's dictionary this year. When the maximum number of 'deep fakes' i.e. false videos of real people start being made, then the thirst for authenticity also begins to torment us with equal intensity. It seems as if our concerns have increased and we are becoming more dedicated to the sanctity of authenticity. Season's merchants have always understood both your concerns and your thirst. So what happened special this year?- Look carefully, something very special happened this year. Earlier, the traders of the season used to change the goods of the shop according to the demand. The season of murder is the knife and the season of peace is the pigeon. Now they have made two counters in the same shop and have started selling both together. What's more, a 'debate bar' is also run in the neighborhood where first the brothers of both the counters speak against each other. In this way, three seasons' earnings are generated in one season and the dividend of absoluteness is received separately. In the Instagram-Youtube economy, both truth and lies earn. The one who sees and the one who shows! Both kings run the same company, so the profits go into the same pocket. That's why even terrorist organizations include words like 'Peace', 'Popular' and 'Sarvajan' in their names or good people sacrifice themselves to the army of social media managers to advertise their welfare. That is why when Sandeep Wanga read the comments against his infamous film Animal, he said, 'These are ten-fifteen jokers who are calling my work masochistic and misogynistic. Hey, look at the name of my production house – 'Bhadrakali'.' So, actually, this year is the year of the animal. Its box office shows what is the season of society these days? The box office doesn't know morality, it counts notes. It is one thing to fall in love with butterflies and run after them, but it is another to kill them and keep them in the pages of your book. Dead butterflies never play with their colors, their particles definitely remain stuck on the pages of life. These?particles are now shining brightly. Animal, ultimately, is an extension of the same fear in which a madman stalks another's wife in the name of love and the public joins in and applauds the crime. The one who was made a hero despite being a villain - has slowly and gradually proved his worth and transformed from 'Rahul' of fear to 'Ranvijay' of Animal. Now he has no hidden moral purity or scruples. When Sandeep Vanga had announced to bring the formidable tradition of men inspired by Arjun Reddy or Kabir Singh in Animal, he had said - My next film will be more. It's going to be terrible. Now that the film has earned several crores, the whole year's dead butterfly appears in its reflection. Using the example of famous filmmakers like Tarantino, advice is being given to look at excess violence from the perspective of craft, technique and cinematic art. Whereas presentation of reality and promotion of an idea are two different things and Animal stakes its claim in the latter. It gives unquestioning approval and seal of masculinity to hatred of women, value to deception and laying dead bodies in the course of purposeless violence. Shobha De, herself has been called a vicious elite but her comment is that Animal was made by an animal for animals, who are themselves defaming the name of animals because even animals do not do this. Our readers might have come to know about the Alpha, Beta, Omega, Gamma, Sigma or Delta male species of men this year under the same pretext. Consider the 'Alpha Male' as everyone's 'grandfather' in a pack of wolves. The wolf, who has everything under his control, can choose whichever female he wants, whoever he wants, he has the first right, no one can come within his reach. But, his power includes the protection of the flock. He is a leader, he is brave, whatever he does is right. Gamma does not buy fights, Omega does not care about the society, Delta is busy with work, Sigma is smart and decides everything after calculating the calculations. Alpha male is a form of acceptance and is a blatant claim in the era of 'Tu Jhoothi, Main Makkar'. This is the thing that shows us the mirror that we have created a new empire by giving crores of rupees to Animal. One season businessman is Anurag Kashyap. Kashyap of Gangs of Wasseypur has told the true truth about the business. First he said, watching a film is like voting - you will get what you want to see. Then they stuck a badge of doing a welfare work on the animal. Said, 'Such films create debate on feminism. Animal not only created a debate in the society on 'misogyny' (men's hatred of women) - this was also a major contribution of it.' This statement is the thing which brings together everything of the year at one place. Knowledge of business and knowledge of business. 'Deep fake' also needs 'authenticity'. 'Rise' is needed as well as 'situationship'. Oscar Wilde could hardly have imagined such 'simplicity'. But, despite this, if we know what is the value of life, then we will continue to yearn more strongly to be simple and valuable. An excerpt from a painter's imagination is accompanying this article, in which a cat is shaking off its laziness and a butterfly is flying near it without conflict. The butterfly is not being killed, it is as if it is sharing the colors of life with a clawing cat. I found this picture most appropriate for the coming year.

# Elections will be held in six countries, it will rain deepfakes

Cyber security threats due to election fraud, corporate blackmailing, manipulation of markets and deepfakes will increase in the year 2024. In such a situation, this discussion, concern and fight will continue whether any written material, any picture, any audio clip or any video is real or fake. Deepfake is going to be a big problem in 2024. In fact, the technology required to create deepfakes is not only more easily available today than before, but is also available at a lower cost or price. For this, generative AI or artificial intelligence is used. Through Generative AI, e-mails can be written in any style and in any language. In such a situation, there is no guarantee that the e-mails coming from the CFO have actually been written by him. In such a situation, it is not surprising that many people of Silicon Valley are writing posts without punctuation marks – this is the only way to know that the help of AI has not been taken in it. There is a danger of censoring written content, but the real threat in 2024 will be from voice and video. Voice cloning services like ElevenLabs are so professional that they can clone voices exactly. Sound testing technology will soon become useless. Voice mail is not reliable. I have got my voice cloned, so whatever text I choose, it will speak in my voice. But there is also a danger in this - if it falls into the wrong hands, that voice will say many things to me. In this context, attention will have to be paid to audio, but videos are going to prove to be more important. Hearing the person seen in the video in his own voice will create confusion. Whatever he did not say, he will also be seen saying in the video. Whatever he did not do, he will be seen doing it in the video. In such a situation, obviously, a situation of confusion, confusion and confusion will arise. This will strengthen corporate espionage and blackmailing. In the year 2024, more than half of the world's population will participate in elections. Apart from America, elections will be held in many countries including India, Indonesia, Mexico, Russia and Britain. I believe that deepfake videos will play a big role in each of these elections. The confusion prevalent among voters can also affect the election results. Deepfake videos have already reached the frontlines in Ukraine and Gaza, causing decisions to be made based on events that never happened. Cyber security threats due to election fraud, corporate blackmailing, manipulation of markets and deepfakes will increase in the year 2024. In such a situation, the discussion, concern and fight will continue whether any written material, any photograph, any audio clip or any video is real or fake.

# कारागार मंत्री ने बंदियों को गायत्री मंत्र-हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ करने की दी नसीहत

मुरादाबाद-कारागार एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार में बंदियों को बांटा कंबल, हनुमान चालीसा व सुंदर कांड की पुस्तक प्रदेश के कारागार एवं होमगार्डस राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) धर्मवीर प्रजापति ने रविवार को जिला कारागार में बंदियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने उनके साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम सुनी और कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार मंत्री ने बंदियों को कम्बल वितरण किया। उन्होंने बंदियों को अपराध का रास्ता छोड़कर सही रास्ते पर चलने के लिए गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ करने की नसीहत दी। उन्होंने बंदियों से कहा कि जिनके बच्चे इंतजार करते हैं कि मैं कमाकर घर चलाऊंगा। जब आप घर का सहारा बनने के योग्य हुये, तब आप जेल में आ गए। मां बाप की सेवा करने के समय आप यहाँ है। उन्होंने कहा कि परिवार का भरण पोषण कैसे होता होगा, बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। आपकी एक गलती आपका परिवार भुगत रहा है। आपकी बेटी मजबूरी में शादी होकर ऐसे घर जाएगीं, जहाँ उसकी इच्छा नही होगी।आपकी एक गलती पत्नी, भाई, बहन, बेटी, मां बाप का बुढ़ापा भी बर्बाद कर देती है। कारागार मंत्री ने कैदियों से कहा कि माता पिता से पूछना कि वह किस तरह व्यवस्था करके आपसे मिलने आते हैं, कितने धक्के खाते हैं, इस ठंड में बस स्टैंड आदि जगह ठंड भरी रात गुजारते है। आज संकल्प करें कि आगे से कोई भी ऐसी गलती नही करेंगे कि जेल आना पड़े। उन्होंने कहा कि जब आप जेल में होते हैं तब कोई रिश्तेदार, पड़ोसी आदि कोई भी आपके घर नही जाता है। आपका परिवार हमारे दिमाग में है, जब कि हमारा आपका कोई रिश्ता नही है, फिर भी हम आपके पास आये हैं, क्यों आपके पास आये हैं।



कैदियों ने जवाब दिया कि मंत्री जी आप मानवीय है, हमारी संवेदनाओं को समझ कर हम से मिलने आये हैं। उन्होंने कहा कि कुख्यात अपराधी जो आपके बीच बन्द है, उनके बहकावे में नही आना है और पेशेवर अपराधियों की बातों में नही आना है। उन्होंने कहा कि आप गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा आदि की चर्चा करते रहोगे मन्त्रों का उच्चारण करते रहोगे तो आप गलत काम नही करोगे। जो भी जिस धर्म का है, उस मंत्र का उच्चारण करे। उन्होंने कहा कि सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ करें उनके लिए किताब भी लाया हूं जो लोग पढ़े वही ले ले। उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा है कि जब भी आप बाहर जाओ तो अच्छा इंसान बनकर जाओ। आज जो भी लोग यहाँ है, वो अच्छा बनकर जायेंगे तो हमारा आना सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के तहत स्किल डेवलपमेंट करने की व्यवस्थायं की गई है। नौजवान लोग काम सीखो, काम करो, पैसा कमाओ और पैसा घर भेजो। काम सीखकर घर जाओगे तो किसी के आगे हांथ नही फैलाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आपकी कमाई के पैसे आपके परिवार के काम आ जाएंगे। बच्चे पढ़ जाएंगे, बेटी की शादी हो जाएगी और परिवार के लिए घर बन जायेगा। अगर आप काम करोगे तो बाहर निकल कर जाओगे तो पैसा लेकर जाओगे और उस पैसे से कोई नया रोजगार सृजित कर लोगे। हमारी गुजारिश है कि आप लोग सुधर जाए ताकि जब मैं दोबारा यहां आंऊ तो सब अच्छे इंसान बने। कारागार मंत्री ने ऐसे कैदी जिनसे कोई भी मिलने नही आता है उनको 200 कम्बल वितरित किए. सुन्दरकांड व हनुमान चालीसा की किताबें भी वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, जेल अधीक्षक संजय शर्मा, जेलर पवन प्रताप, महेन्द्र प्रजापति, राजीव लोचन, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड, छिटपुट बारिश के आसार



मुरादाबाद-बादल लगने से सूर्यदेव के दर्शन नहीं, दिन भर रहा कोहरे का असर, गलन से ठिठुरे लोग और कम हुआ अधिकतम तापमान साल के आखिरी दिन रविवार को कोहरा व बादल छाए रहने से गलन और बढ़ गई। शनिवार की तुलना में अधिकतम तापमान में एक डिग्री और कमी आने से लोग ठिठुरते रहे।

अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन लोग ठंड से ठिठुरते रहे। उत्तराखंड के पहाड़ों पर बर्फबारी जारी रहने से मैदानी क्षेत्र में कंपाने वाली ठंड पड़ रही है।

दिन के अधिकतम तापमान में जारी गिरावट से ठंड बढ़ने से जनजीवन प्रभावित है। दिन में सड़कों पर चहल पहल कम रही। सूर्यदेव का दर्शन तीसरे दिन भी न होने से ठंड से लोग कांप गए। अधिकतम तापमान लुढ़क कर 15 डिग्री पर आ गया। जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त हेड एंड प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है

कि अभी घना कोहरा जारी रहने और पहाड़ों में बर्फबारी बढ़ने से मैदानी क्षेत्रों में ठंड और बढ़ेगी। बादल और कोहरे की धुंध से गलन बढ़ी है। कहीं कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है लेकिन तेज बारिश अभी होने के आसार नहीं है। ठंड आने वाले दिनों में और बढ़ेगी।

# छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सुनी प्रधानमंत्री की 'Mann Ki Baat'

मुरादाबाद-आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 108 वीं मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता रहीं। इस दौरान मदालसा शर्मा, अतिथि विशिष्ट कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक प्रिया अग्रवाल व महानगर अध्यक्ष डॉ विजयलक्ष्मी पंडित व मिलन विहार क्षेत्र की पार्षद गीता शर्मा मौजूद रहीं। कार्यक्रम की संयोजक महिला मोर्चा की महानगर मंत्री हेमा खत्री रहीं। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी छात्राओं ने नमो ऐप डाउनलोड किया और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बेटियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

नारी सशक्तिकरण को समर्पित यह संस्मरण उत्तर प्रदेश की बेटियों के लिए है। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से शिवानी सिंह, बबीता, भूमि, दीपक



रस्तोगी, गौरव, यादवेन्द्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे। वहीं दयानंद डिग्री कॉलेज में भी मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रूबी राजपूत का नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में चयन - स्कूल गेम्स नेशनल अंडर 17 बालिका बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 4 जनवरी से 8 जनवरी तक राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में हो रहा है। जिसके लिए महानगर की रूबी राजपूत का चयन हुआ है। इससे महानगर के खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस मौके पर जिला बास्केटबाल संघ के सचिव संजीव भारद्वाज, अध्यक्ष एएच रजा, सहसचिव फिरोज खान और रूबी राजपूत के कोच मोहित चौधरी ने रूबी राजपूत को बधाई दी।

रूबी कक्षा 11 की छात्रा है। वह इससे पहले 2 नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर चुकी है।







# जुर्माना न जमा कर पाने वाले निरुद्ध पांच बंदियों को मंत्री ने कराया रिहा, नव वर्ष की दीं शुभकामनाएं

मुरादाबाद-कारागार एवं होमगार्ड स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मवीर प्रजापति के जेल में आने पर बंदियों में काफी उत्साह और खुशी देखने को मिली। उनके आने से उन बंदियों का भी कल्याण हो गया, जो गरीबी के कारण जुर्माना राशि न अदा कर पाने के कारण भी जेल काट रहे थे। ऐसे पांच बंदियों के जुर्माने की राशि जमा करा कर मंत्री ने उन्हें जेल से रिहा कराया है। मंत्री ने अन्य बंदियों से अपराध छोड़कर खुशहाल जीवन जीने का संकल्प भी कराया है। 200 बंदियों को कंबल और छह साल से कम 10 बच्चों को गरम कपड़े दिए हैं। प्रत्येक बंदी को मंत्री सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की पुस्तकें बांटी हैं। उन्हें भक्ति मार्ग पर चलकर अपना और परिवार के लिए जीवन जीने का संदेश दिया है। मंत्री ने बंदियों से कहा कि आपके द्वारा किसी अपराध में शामिल होने पर केवल आपका ही नहीं बल्कि आपसे जुड़े परिवार के हर एक सदस्य का जीवन प्रभावित होता है। आपके बच्चों की शिक्षा और रोजगार प्रभावित होता है, इससे उनके बड़े होने पर उनका भी जीवन बिखर जाता है के अस्तपाल में भी जाकर वहां भर्ती बीमार 21 बंदियों से मुलाकात की। उनको भी फल दिए। इलाज के बारे में भी पूछा। जेल के डॉक्टरों को बंदियों का बेहतर इलाज करने को कहा। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक और डॉक्टरों को अस्पताल में एक्स-रे मशीन की समस्या को भी निस्तारित कराने का भरोसा दिया है। इस मौके पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बंदियों से संवाद भी किया। उनके मन की बात सुनी और सभी को अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। जेल में साफ-सफाई और रंग-रोगन को देखकर मंत्री ने जेल प्रशासन की सराहना की। बंदियों ने जेल में अच्छा भोजन समय से मिलने की बात मंत्री से कही तो उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक पवन प्रताप सिंह और जेलर मृत्युंजय पांडेय को शाबाशी दी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद जेल में किसी भी बंदी ने व्यवस्था को लेकर कोई शिकायत नहीं की, ये बड़ी बात है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## पॉर्न का दीवाना चाचा भतीजी का निकला हत्यारा आरोपी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी के बबीना थाना क्षेत्र के गोचीखेड़ा आदिवासी बस्ती की रहने वाली 17 साल की छुटकी का रक्त रंजित शव उसके घर से ही कुछ दूरी पर एक गड्ढे में पड़ा हुआ पुलिस ने बरामद किया। अर्धनग्न हालत में किशोरी का शव मिलने के बाद झाँसी से लेकर लखनऊ के पुलिस महकमे के अफसरों मे हड़कंप मच गया था। मृतक किशोरी के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जैसे ही अपनी पड़ताल आगे बढ़ाई। इसके बाद मृतक किशोरी का सगा चाचा पुलिस के शिकंजे में फँसता चला गया। पुलिस ने आरोपी चाचा को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की। इसके बाद आरोपी चाचा ने जो हैरतअंगेज सच उगला।उसको सुनकर पुलिस के भी होश उड़ गए। इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्यारोपी चाचा पोर्न फिल्मे देखने का लती था। 28 दिसंबर को मृतका छुटकी शौचक्रिया करने के लिए घर से बाहर निकली,, भतीजी के पीछे हैवान चाचा अनिल भी निकला। शौचक्रिया करते समय वहसी चाचा ने अपनी सगी भतीजी को पीछे से दबोच लिया। भतीजी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा। अपने सगे चाचा अनिल की इस हरकत का भतीजी ने विरोध किया। इसके बाद हैवान बन चुके चाचा अनिल ने भतीजी का गला दबा दिया। जिसके चलते उसकी भतीजी की मौके पर ही मौत हो गई। भतीजे की हत्या के बाद वहशी चाचा यही नहीं रुका भतीजी के शव को गड्ढे में फेंकने के बाद वहसी चाचा ने भतीजी के सिर पर भारी भरकम पत्थर पटक दिया। सूचना पर जब वारदात स्थल पर पुलिस मौके पर पहुंची। तो एक तरफ जहां परिजन रो रहे थे,, वही दूसरी तरफ हत्यारा चाचा भी भतीजी के शव के पास बैठकर रो रहा था। इतना ही नहीं कातिल की तलाश में पुलिस की मदद के लिए खुद कातिल चाचा अनिल खुद पुलिस के साथ कई जगह घूमा। यहां तक कि कातिल चाचा पुलिस के साथ हत्याकांड के खुलासे को लेकर पड़ताल मे सहयोग के लिए बबीना थाने भी गया। नाबालिग की हत्या करने के आरोप मे हत्यारा चाचा अब सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

## सब्जी बेंचने वाले ने बनाई वर्ल्ड क्लॉक, भेजी रामलला दरबार, एक साथ इतने देशों का बताएगी समय





कुछ करने के जज्बे ने सब्जी का ठेला लगाने वाले विक्रेता ने विश्व घड़ी ( वर्ल्ड क्लॉक ) बनाकर आयोध्या भेजी है। बेहद कम पढ़े लिखे अनिल साहू ने आयोध्या में बन रहे राममंदिर में इस घड़ी को दान में दिया है। यह घड़ी एक साथ 09 देशों का समय बताती है सखियांव गांव में कक्षा 8 तक की पढ़ाई की। इसके बाद शहर आ गये। यह घड़ी बनाकर अनिल कुमार साहू ने 2018 में अपने नाम पेटेंट कराया। हसवा विकास खंड के सखियांव के मूल रुप से रहने वाली अनिल कुमार साहू लखनऊ में सब्जी का ठेला लगाकर जीवन गुजारते हैं। बचपन से ही कुछ अलग करने के जज्बा था। उनके दिमाग में घड़ी बनाने का उपाय सूझा वह भी ?सी जो कई देशों का समय एक साथ बताये। सखियांव गांव में कक्षा 8 तक की पढ़ाई की। इसके बाद शहर आ गये। यह घड़ी बनाकर अनिल कुमार साहू ने 2018 में अपने नाम पेटेंट कराया। आयोध्या में राम मंदिर में जाकर इन्होंने ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपतराय को यह घड़ी भेंट की। यही नहीं एक घड़ी हनुमानगढी व एक आयोध्या स्टेशन अधीक्षक को दी। अनिल ने बताया कि इस घड़ी में एक साथ 9 देशों का समय बताती है। इसके बाद एक घड़ी बना रहें हैं जो विश्व के सभी देशों का समय एक साथ बतायेगी। इसमें विशेष चीज यह है कि घंटा और मिनट के लिए एक ही सुई है। सेकंड के लिए अन्य सुई है। इसकी ऊचाई 76 सेमी है। विश्व प्रेम का दिया संदेश- वर्ल्ड क्लाक में अनिल में वसुधैव कुटुंबकम लिखा है। उन्होंने बताया कि इससे विश्व प्रेम की भावना पैदा होती है। बताया कि उनकी इच्छा है नमंत्री नरेंद्रमोदी ने मिलकर उनको घड़ी भेंट करें। साथ ही इंटरनेशनल पेटेंट भारत सरकार कराये। इससे पूरे विश्व में भारत का नाम होगा। एक भारतीय का सर गौरव से ऊंचा उठेगा। देश के लिए इनका पेटेंट 2018 में हो चुका है।

## प्रेम-विवाह के बाद महिला की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा- अवागढ़- ब्राह्मण बताकर युवती से प्रेम-विवाह किया। उस युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस पहुंची तो मौके से राख मिली है। घर पर कोईश्च भी ससुरालीजन नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला के घरवालों से संपर्क में जुटी है। पूरा मामला थाना अवागढ़ के गांव कटेलिया का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गांव कटेलिया का युवक दिल्ली में नौकरी करता है। युवक ने फेसबुक पर ब्राह्मण के नाम से फेसबुक आईडी बना रखी थी। ब्राह्मण बताकर युवती को प्रेम-जाल में फंसा लिया। बताया जा रहा है युवती को दिल्ली से अपने साथ ले आया था। 14 दिसंबर को अवागढ़ स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी भी की थी। शनिवार को अवागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि उस महिला की मौत हो गई। शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। मामले की जानकारी पर अवागढ़ पुलिस गांव पहुंची। मौके से राख मिली है। घर पर कोई भी ससुरालीजन नहीं मिला है। राख को लेकर पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। हालांकि गांव में महिला को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं है। कोई भी पुलिस को कोई भी जानकारी नहीं दे रहा है। जिसके बाद पुलिस महिला के घरवालों से संपर्क करने में जुट गई है। महिला की मौत की जानकारी पुलिस को दी गई। बताया गया है कि प्रेम-विवाह किया गया था। मौके से राख मिली है। घर पर कोई नहीं मिला है। अवागढ़ पुलिस को निर्देश दिए गए है कि वह महिला के घरवालों से संपर्क करें और आगे की कार्रवाई करें।

## खेत मिला सैनिक का शव, हत्या का शक

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-सकीट, ।घर के पीछे खेत में युवक का शव पड़ा मिला। सुबह वहां से गुजर रहे लोगों ने शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। घरवालें भी पहुंच गए। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। थाना सकीट के गांव सकतपुर निवासी शीलेन्द्र यादव ( 40 ) बीएसएफ में सैनिक थे और कलकत्ता में तैनाती थी। बताया जा रहा है कि 10 साल पहले नौकरी छोड़कर घर पर आ गए थे। बताया जा रहा है कि नौकरी से संबंधित मामला कोर्ट में है। वर्तमान में मोहल्ला उरहना में घर बनाकर रहते थे। पत्नी मायके गनेशपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी में रहती है। यह दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रहते थे और नीचे का कमरा किराए पर दे रखा है। इसमें दो लोग रहते हैं।

सुबह लोगों ने शीलेन्द्र यादव का शव घर के पीछे खेत में पड़ा देखा। मामले की जानकारी पुलिस, घरवालों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम गृह पहुंचे भाई सोनू ने हत्या की आशंका जताई है। मामले में कोई भी तहरीर नहीं दी गई है।

## अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के शुभारंभ को लेकर झाँसी में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

अयोध्या के राम मंदिर बनने को लेकर झाँसी में भी लोगो मे उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में झांसी में श्रद्धालुओं ने अक्षत कलश यात्रा निकाली जो कि आरएसएस कार्यालय से प्रारंभ होती हुई इलाइट चौराहा होते हुए शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरी, ऐसे में श्रद्धालुओं का फूलों से जगह-जगह स्वागत किया गया, कलश यात्रा में चल रहे श्रद्धालु ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होने वाले हैं,

जिसके चलते झाँसी में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए कलश यात्रा निकाली जा रही है, जो कि आज से प्रारंभ होते हुए 22 जनवरी तक लगातार निकाली जाएगी।




## झलरा पीपल मन्दिर परिसर में जबरन निकास को लेकर हुई कहासुनी

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा।नगर के भोजीपुरा मार्ग स्थित झलरापीपल मन्दिर की चारदीवारी हो रही थी। जिसको लेकर खेमकरन, रामचन्द्र, विनोद, सिद्धार्थ सक्सेना, बुद्धसेन आदि के घर वाले मन्दिर की दीवार नहीं बनने दे रहे थे।उनका कहना था हमारे मंदिर के पीछे घर हैं।हम पूजा करने मंदिर में आएंगे इस लिए इसमें रास्ता खोला जाए ताकि पूजा कर सकें। मंदिर के महन्त बाबा कालीदास,बाबा रामदेव को धमकाया दीवार बनाई तो हम गिरा देंगे। पीड़ित महन्त ने 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। इतने में समाज के तेजपाल,नीलम देवी, दुर्गा देवी,घासी राम साहू, नेतराम साहू, सोहनलाल, पूरनलाल प्रजापति, रामलाल शर्मा, संजीव किसान गेंदनलाल कश्यप, वीरेन्द्र साहू सहित भारी संख्या में लोग मंदिर पर पहुंचे उन्होंने बताया यह प्राचीन मंदिर है। इसमें कोई रास्ता नहीं बनेगा।

## रिठौरा में पेंशन दिलाने के बहाने वृद्ध दम्पति के नाम किया फर्जीवाड़ा



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के मोहल्ला धर्मपुर के नेमचंद्र एवं उसकी पत्नी नन्हीं देवी के पास इन्द्रपुरी का मोहम्मद नासिर एवं एक साथी ने मिलकर वृद्ध दम्पति को बताया दोनों को पांच हजार रुपए माह पेंशन मिलेगी।और उन्हें बहाने से तुलाशेरपुर ले जाकर एक जनसुविधा केन्द्र पर पहले दोनों का बैंक खाता खुलवा और सिम एवं एटीएम भी निकलवा लिया।लगभग छह माह बीतने के बाद भी उन्हें पेंशन नहीं मिली तो उन्होंने कस्बे के एक चायविक्रेता को पूरी बात बताई।

तो पता लगा इनका खाता सिम धोखाधड़ी के उपयोग को खोला गया है। पीड़ित दम्पति ने रिठौरा पुलिस चौकी पर मामले की लिखित शिक़ायत कर कार्रवाई की मांग की है।जब पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गया।

## ठंडी सड़क तिराहे पर टेंम्पू चालकों की मनमानी से जाम के हालात



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जीटी रोड ठंडी सड़क तिराहे पर टेम्पू चालकों की मनमानी से जाम के हालात बने रहते हैं। जिसके कारण आमजन के आवागमन में वाधा उत्पन्न हो जाती हैं। वाहनों के जांम के कारण पैदल यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता हैं। टेंम्पू स्टेण्ड को अनियंत्र स्थान पर सवारियाँ वैठाने हेतु व्यवस्था की जानी चाहिये। यातायात पुलिस को इन टेंम्पू चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करनी चाहिये। आज दिनांक को स्वयं द्वारा जाम के हालात देख टीएसआई अनिल कुमार वर्मा से कॉल करके अवगत करना चाहा। किन्तु टीएसआई वर्मा द्वारा कॉल बार बार काटा गया। ऐसा प्रतीत होता हैं। कि टी एस आई वर्मा कार्यवाही के नाम पर शिथिलता बरत रहे हैं। जिस कारण टेंम्पू चालकों के हौसले बुलंद हैं।

